दिनांकः 24.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से–नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई जाएगी शपथ–26 जून को होगा लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–शिक्षित और सक्षम नागरिक ही राष्ट्र की प्रगति का आधार।
- दक्षिणी और पूर्वी राजस्थान में प्री–मॉनसून की गतिविधियां जारी–अगले चार–पांच दिनों में मॉनसून के प्रवेश की संभावना।
- आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज सुपर–8 मुकाबले में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से।

..........

18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से शुरू होगा। सत्र के दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किए गए वरिष्ठ भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र गुरुवार से शुरू होगा। संसद सत्र अगले महीने की तीन तारीख को समाप्त होगा। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में सदन की कार्यवाही में सदस्यों से समन्वय की आशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वे सांसदों की हरसंभव सहायता के लिए तत्पर रहेंगे।

...................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि शिक्षित और सक्षम नागरिक ही राष्ट्र की प्रगति का आधार होते हैं। शिक्षक, विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता की भावना और संस्कारों का समावेश कर उन्हें कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। श्री शर्मा कल धौलपुर जिले के बाड़ी के बिजोली गांव में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेश महासमिति अधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने शिष्य के मित्र, मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए आगामी बजट में शिक्षकों से उनके सुझाव आमंत्रित किए हैं। सर्वश्रेष्ठ सुझावों को सरकार बजट में शामिल करेगी। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और शिक्षक तथा आमजन उपस्थित रहे।

...................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 27 जून को झुंझुनूं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का सीधा हस्तांतरण लाभार्थियों के खाते में करेंगे। इस दौरान श्री शर्मा लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि चुनाव से पहले किया गया एक और वादा मुख्यमंत्री ने पूरा किया है। उन्होंने बताया कि 88 लाख से ज्यादा लाभार्थियों के खाते में 1 हजार 38 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, सबका साथ–सबका विकास–सबका प्रयास और सबका विश्वास की भावना के साथ काम कर रही है। गौरतलब है कि एक अप्रैल 2024 से पेंशन राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर 1 हजार 150 रुपए कर दी गयी है।

....................

राज्य में 29 जून को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित किया जाएगा। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने इस संबंध में कल जयपुर में तैयारियों की समीक्षा बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उत्सव का राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर के एक निजी स्कूल में रखा जाएगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा चयनित कार्मिकों से संवाद भी करेंगे। इसमें 20 हज़ार से अधिक नवनियुक्त कार्मिक शामिल होंगे। जिला स्तर पर महोत्सव के आयोजन के लिए स्थान का चयन जिला प्रशासन करेगा।

...............

राज्य पक्षी गोडावण के संरक्षण को लेकर प्रयास लगातार जारी हैं। इसी कड़ी में जैसलमेर के डेजर्ट नेशनल पार्क के सुदासरी क्षेत्र से डब्ल्यू.आई.आई. और वन विभाग की संयुक्त टीम ने गोडावण के छह नए चिक रामदेवरा शिफ्ट किए हैं। राष्ट्रीय मरू उद्यान के डी.एफ.ओ., डॉ. आशीष व्यास ने बताया कि सुदासरी में गोडावण का कुनबा बढ़ने के कारण इन्हें रामदेवरा सेंटर में शिफ्ट किया गया है। सुदासरी के ब्रीडिंग सेन्टर में 10 नए चिक गोडावण पैदा होने से इनकी संख्या बढ़ रही थी। उन्होंने बताया कि रामदेवरा के ब्रीडिंग सेन्टर में गोडावण की संख्या 19 हो गई है।

--------------

प्रदेश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में प्री–मॉनसून की गतिविधियां जारी हैं। इन इलाकों में बारिश से तापमान में कमी आई है। वहीं उत्तरी राजस्थान और जोधपुर संभाग में विभिन्न स्थानों पर तापमान 42 डिग्री के आस–पास रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 43 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान जोधपुर में दर्ज हुआ। इन स्थानों पर उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्री–मॉनसून की बारिश का दौर आगामी तीन–चार दिन दक्षिण और पूर्वी राजस्थान में जारी रहेगा। इसके बाद मॉनसून के कोटा और उदयपुर संभाग के क्षेत्रों से प्रवेश की संभावना है।

-------------

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि नये कानून लागू होने के बाद न्याय प्रणाली किस तरह सुगम होगी। नये आपराधिक कानून आगामी एक जुलाई से प्रभावी होंगे। इन कानूनों के लागू होने के बाद एफआईआर से लेकर अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी और भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जाएगा। ये कानून 'तारीख–पे–तारीख' के चलन की समाप्ति सुनिश्चित करेंगे और देश में एक ऐसी न्यायिक प्रणाली स्थापित होगी, जिसके जरिए तीन वर्षों के भीतर न्याय मिल सकेगा।

....................

आईसीसी ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत अपने सुपर–8 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से सेंट लूसिया, ग्रॉस आइलेट के डैरेन सैमी राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले, खेले जा चुके 31 मैचों में भारत 19 जीत के साथ बढ़त पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया को केवल 11 मैचों में जीत हासिल हुई है और एक मैच का कोई परिणाम नहीं आया। भारत की टीम पहले ही सुपर 8 ग्रुप में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को आसानी से हरा चुकी है। एक अन्य मैच आज वेस्टीइंडीज और साउथ अफ्रीका के बीच एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में चल रहा है। वहीं कल रात एक मुकाबले में इंग्लैंड ने सह–मेजबान अमरीका को 10 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

.....................

केंद्रीय कोयला और खनन मंत्री जी किशन रेड्डी और कोयला और खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे आज नई दिल्ली में खनिज खंडों की नीलामी के चौथे चरण का उदघाटन करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि इसमें दो अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियों को प्रमाण–पत्र दिया जाना भी शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि खनिज संसाधनों की निकासी और व्यवहारिक आर्थिक मिश्र धातु तथा धातु में इसे परिवर्तित करने की कुशलता बढाने के लिए अनुदान के अनुमोदन पत्र स्टॉटअप्स, अनुसंधान और विकास संस्थानों को दिए जाएंगे। इस अवसर पर अनुसंधान लाइसेंस धारकों द्वारा अनुसंधान खर्च की आंशिक अदायगी की भी घोषणा की जाएगी।

....................